हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 19 जनवरी 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| कायथा

07 विश्व शांति के अग्रदूत प्रजापिता ब्रह्मा बाबा...




08 मौन धरना देकर इंदौर नगर निगम को भंग ...



### पंचायत व श्रम मंत्री पटेल ने पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन को किया संबोधित

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में बदली विकास की परिभाषा : मंत्री प्रहलाद पटेल

### राज्य सरकार गांवों को समृद्ध बनाने के लिए कृत संकल्पित







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की परिभाषा बदली है। आज देश में चहुंओर विकास की बयार बह रही है। मध्य प्रदेश भी मुख्यमंत्री डॉ, मोहन यादव के नेतृत्व में प्रत्येक क्षेत्र में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। मंत्री पटेल शनिवार को आगर मालवा जिले के ग्राम बैजनाथ निपानिया में आयोजित पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रत्येक पात्र गरीब परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराया गया है। मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 11 लाख 66 हजार से अधिक आवासों का निर्माण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 तक आवास प्लस की सूची का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रत्येक गरीब परिवार को 5 लाख तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है, जिससे जरूरतमंदों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल रही हैं। सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन लाकर आम नागरिकों की समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। मंत्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार संबल जैसी योजनाओं के माध्यम से नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दे रही है। संबल योजना अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए तथा सामान्य मृत्यु पर 2 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। सरकार हर व्यक्ति के दुख में उसके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांवों को समृद्ध बनाने के लिए संकल्पित है। गांव समृद्ध होंगे तो लोगों का गांवों से पलायन रुकेगा और शहरों से गांवों की ओर लौटने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आज शुद्ध ऑक्सीजन की तलाश में शहरों का व्यक्ति गांवों की ओर लौट रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक गांव को पक्की सड़क से जोड़ा जाएगा। इसके लिए प्रदेश में 20 हजार 600 परिसरों को चिन्हित किया गया है, जहां सड़कों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने पर्यावरण एवं जल संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि पर्यावरण की चिंता आज पूरे विश्व की चिंता है। अधिक से अधिक पौधरोपण एवं जल संरक्षण कर आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नदियों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। नदी के उद्गम स्थलों पर सीमेंट-कंक्रीट के निर्माण न करे और वहां अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं। मंत्री पटेल ने सरपंचों एवं सचिवों से आह्वान किया कि पंचायत स्तर पर पौधरोपण एवं जल संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता दें। पिछले वर्षों में सरकार ने पंचायतों के अधिकारों में वृद्धि के साथ खर्च की सीमा भी बढ़ाई है। पंचायत भवन दो मंजिला एवं तीन मंजिला बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नौजवान पीढ़ी ही संस्कृति और विरासत की रक्षा कर सकती है। हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ एवं चरित्रवान बनाएं। उन्होंने मोबाइल को आज का खतरनाक नशा बताते हुए बच्चों में खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ाने पर बल दिया।

मंत्री ने बताया प्रदेश की 1472 ग्राम पंचायतों में अटल सेवा सदन का निर्माण किया जा चुका है। जिन ग्राम पंचायतों के भवन 30 से 35 वर्ष पुराने हैं, उन्हें डिस्मेंटल कर वहां भी अटल सेवा सदन बनाए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने पुराने पंचायत भवन की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में श्मशान भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां भूमि आवंटित की जाएगी। साथ ही श्मशान भूमि से अतिक्रमण हटाकर तार फेंसिंग एवं पहुंच मार्ग में सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी गांवों, गरीबों और किसानों के चहुमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए ही केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वीबी जी-राम-जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है। 'हर हाथ को काम' मुहैया कराने के लिए इस अधिनियम में एक ग्रामीण परिवार को अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। वीबी जी-राम-जी योजना गांवों की तस्वीर बदल देगी है।

#### आगर विधानसभा में तीव्र गति से विकास कार्य किए जा रहे

*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मधु गहलोत ने कहा कि आगर विधानसभा में तीव्र गति से विकास कार्य किए जा रहे हैं। विधानसभा के 250 गांव में टीनशेड लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 127 गांव में अभी तक लगाया जा चुके हैं। विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और कृषि के क्षेत्र में निरंतर कार्य हो रहे हैं। किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए डेम का निर्माण करवाया जा रहा है। हड़ाई डैम के रूप में विधानसभा क्षेत्र में एक और नई सौगात मिली है, जिससे आने वाले समय में क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। औद्योगिक क्षेत्र का निरंतर विस्तार हो रहा है। आने वाले समय में विधानसभा आगर प्रदेश की नंबर-01 विधानसभा बनेगी। जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार में देश एवं प्रदेश के नागरिकों का जीवन बदल रहा है। वीबी जी-राम-जी के माध्यम गांव आत्मनिर्भर और समृद्ध बनेंगे। कार्यक्रम में मंत्री प्रह्लाद पटेल का बड़ी पुष्प माला से स्वागत किया गया। साथ ही सरपंच संघ एवं रोजगार सहायक संघ द्वारा पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई चौहान, पूर्व विधायक गोपाल परमार, जनपद अध्यक्ष धर्म कुंवर बाई, रेखा यादव, नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन पटेल, भैरू सिंह चौहान, बाबूलाल यादव, श्याम सिंह परिहार, प्रेम यादव, हरिनारायण यादव, मयंक राजपूत जितेंद्रसिंह, कालू सिंह रामेश्वर तेजरा, प्रेम मस्ताना कैलाश कुंभकार, कालू सिंह, सुख सिंह, प्रदीप नायक, गिरधारी मालवीय, मोहन, जसवंत सिंह पंवार, ग्राम पंचायत सरपंच गोपाल सिंह राठौड़ आदि जनप्रतिनिधि मंचासिन रहे।*

### माता रानी के दर्शन कर पूजन किया

## मंत्री प्रहलाद पटेल मां के दरबार भी पहुंचे



**नलखेड़ा।** मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी के दरबार में पहुंचे। मंत्री प्रहलाद सिंह शुक्रवार रात्रि को नगर में स्थित मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन पूजन किया गया। मंत्री पटेल ने रात्रि विश्राम नगर में ही एक निजी होटल में किया। शनिवार प्रातः पुनः सिद्धपीठ पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर पूजन किया। मंत्री पटेल के नगरागमन पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया।

#### पंचायत सचिव संगठन ने किया स्वागत



मंत्री प्रहलाद पटेल के नगरागमन पर पंचायत सचिव संगठन ने स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर संगठन ने अपनी प्रमुख मांगे भी मंत्री के समक्ष रखीं। वहीं मंत्री पटेल से आउटसोर्स विद्युत कर्मचारियों ने भी भेंट कर अपनी न्यायोचित मांगो का निराकरण करवाने एवं मानव सेवा प्रदाता फर्म मेसर्स टीडीएस मैनेजमेंट कंसल्टेड लिमिटेड मोहाली को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग की गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा उन्हें सौपे गए ज्ञापन की प्रति भी मंत्री पटेल को सौंपी गई।

### सड़क से शोल्डर नीचे होने से हो रही दुर्घटनाएं



**नलखेड़ा।** नलखेड़ा-आमला मार्ग की सड़क के दोनों ओर के शोल्डर कई स्थानों पर सड़क से नीचे हो गए हैं। इस मार्ग पर मां बगलामुखी मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों का आवागमन भी रहता है। ऐसे में वाहन क्रासिंग अथवा ओवरटेकिंग के दौरान बाइक सवारों को अपनी बाइक सड़क से नीचे उतारना पड़ती है इस दौरान कई बार बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। आए दिन हो रही इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जहां जहां शोल्डर नीचे हो गए हैं वहां भराव करवाने की आवश्यकता है। शोल्डर में भराव हो जाने से दुर्घटना की संभावना कम हो जाएगी।

### खबर संक्षेप में

#### स्वास्थ्य विभाग लगाएगा 26 और 27 को शिविर

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा 26 और 27 जनवरी को आयोजित विशेष शिविर में निशुल्क इलेक्ट्रॉनिक प्रोस्थेटिक्स हैंड्स लगवाए जाएंगे। बिना हाथ के जन्मे या दुर्घटना में हाथ का निचला हिस्सा गंवाने वाले लोगों को ये कृत्रिम हाथ लगाए जाएंगे। ये शिविर इनाली फाउंडेशन के सहयोग से लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ये महत्वपूर्ण पहल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत की गई है। इस कृत्रिम हाथ के माध्यम से दैनिक कार्य जैसे वस्तुओं को पकड़ना, खाना, लिखना, डिजाइन जैसे कार्य आसानी से किए जा सकते हैं। ये डिवाइस 15 साल से ऊपर के व्यक्तियों को लगाया जाएगा।

#### कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस 21 को होगी

**सीहोर।** मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में आगामी 21 जनवरी 2026 बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में होगी। कांफ्रेंस में कलेक्टर और एसीपी कांफ्रेंस के बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा होगी। मंत्रालय में होने वाली इस कांफ्रेंस में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित होंगे जबकि कलेक्टर,कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करेंगे।

#### लोकभवन 25 से 27 तक आमजन के लिए खुला रहेगा

**सीहोर।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोकभवन को तीन दिनों के लिए आम नागरिकों के भ्रमण हेतु खोला जा रहा है। नागरिकों के भ्रमण के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## मां-बाप का जीवन अपनी संतान को समर्पित होता है : पं. लखन

### संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन





**कानड़।** सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव का नैन्याखेड़ी अहिर शिवगढ़ रोड पशुपतिनाथ आश्रम पर शनिवार से शुरुआत हुई। कथा के दूसरे दिन कथावाचक वैदिक पंडित लखन शर्मा द्वारा भागवत कथा के प्रसंग सुनते हुए कहा कि मनुष्य की पहली गुरु उसकी मां होती है। मां बाप का जीवन अपनी संतान को समर्पित होता है। माता पिता जो भी कुछ करते हैं वो अपनी संतान के लिए करते हैं। आपने जो धन कमाया वो अपनी संतान के लिए मत छोड़ना क्योंकि बड़ा होकर वो सब कुछ कमा सकता है लेकिन संस्कार कमा कर अपने बच्चों को जरूर देना जिससे वे सत कर्म की और बढ़ सके। भगवान ने जब इस मनुष्य जीव शरीर को बनाया तो दो चीज दी एक दिल और दिमाग,दिमाग इसलिए दिया की तुम दिमाग से काम चलाना ओर भगवान ने दिल दिया और कहा की तुम मुझे हृदय में विराजमान करना दिल था इसे हमने लगाया दुनिया में ओर दिमाग लगाया भगवान में कि वो है कि नहीं भगवान कथाओं को सुना ,भजन अगर करोगे तो मन में शांति मिलेगी।

## माधव बस्ती में हिंदू महा सम्मेलन आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

रविवार को हिंदू सम्मेलन नगर की माधव बस्ती में शिव पहाड़ी स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित किया गया।


हिंदू सम्मेलन की शुरुआत अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद मातृशक्ति व संत प्रबुद्ध जनों ने हिंदू सम्मेलन को संबोधित किया। पूनम बैरागी जिला सहयोगीका ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए पेड़ पौधे अवश्य लगाएं। पेड़ पौधे से शुद्ध वातावरण और शुद्ध हवाएं मिलेगी। हर प्राणी में ईश्वर निहित है हमे किसी के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। संबोधित करते हुए चौतमल जैन ने कहा कि मुगलों द्वारा हिंदुओं को प्रताड़ित किया गया। अंग्रेजों के शासन में जाति प्रथा पर लड़ाया और हिंदुओं को जाति प्रथा में बांट दिया गया और हम सब अलग-अलग हो गए। पहले हिंदू जातियों में बांटा हुआ था। हिंदुओं को जगाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हिंदू महासम्मेलन आयोजन हर एक नगर हर एक बस्ती में किया जा रहा है। आज भी हमारे हिंदू बंटे हुए हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं हिंदू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सकल हिंदू समाज ने कुशलपुरा में मनाया हिंदू सम्मेलन

## 'एकजुट होंगे तभी हमारी सनातन संस्कृति बची रहेगी'







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने के लिए सर्व हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति सनातन धर्म सामाजिक एकता एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक एवं संस्कृति विरासत के संरक्षण तथा सामाजिक विकास की दिशा में कदम बढ़ावा है। विराट हिंदू सम्मेलन में हिंदू सम्मेलन नलखेड़ा खंड के संयोजक एवं विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत के पूर्व उपाध्यक्ष गिरिराज पुरोहित द्वारा बताया गया कि हम पूर्व में हजारों वर्षों तक गुलाम रहे। आज हमारा समाज कई जातियों में बटा हुआ है, कभी भाषा के नाम तो कभी क्षेत्र के नाम पर तो कहीं अंचलों के नाम पर ये सारे भेद हमें खत्म करना है क्योंकि ये भारत देश हिंदुओं का देश है सनातनियों का देश है हिंदुओं की मातृभूमि है और वहीं इसकी रक्षा कर सकता है। इसलिए सभी हिंदूवो को एक साथ खड़ा करने के लिए जगह जगह हम हिंदू सम्मेलन कर रहे है। वही महा हिंदू सम्मेलन में संत ध्रुव व्यास महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि जो आज हमारा समाज कई जातियों में बंटा हुआ है वो सब एक जुट हो जाए तभी हमारा सनातन धर्म संस्कृति बची रहेगी। व्यास जी ने समाजजनो से अपील की है कि आने वाली 27 अप्रैल को प्रत्येक जिले व तहसीलों में सभी सनातनी गौमाता के सेवा सुरक्षा सम्मान के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन दे। हमारी गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करें और गो हत्या भारत में पूर्णतः बंद हो हिंदू महा सम्मेलन में छोटे बच्चों द्वारा नशीले मादक पदार्थों से होने वाली गंभीर बीमारियों को नाटक के द्वारा प्रदर्शित किया। साथ ही होने वाली घातक बीमारियों से बचने के लिए नाट्य कार्यक्रम के द्वारा निवारण भी बताया। इस मौके पर रामनिवास पाटीदार हिंदू सम्मेलन संयोजक कुशलपुरा शिप्रा व्यास सरस्वती शिशु मंदिर नलखेड़ा शिक्षिका तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान का शुभारंभ



**नलखेड़ा।** रविवार को मप्र जन अभियान परिषद द्वारा विकास खंड नलखेड़ा में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में किया गया। विकास खंड समन्वयक प्रकाश शर्मा के द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के बारे में जानकारी दी गई। विशेष अतिथि उद्यानिक विभाग के अरविंद परमार ने उद्बोधन में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अंतर्गत लघु इकाइयां स्थापित करने जैसे आटा चक्की तेल मिल संतरा प्रसंस्करण इकाई इत्यादि के बारे में जानकारी दी। विशेष अतिथि गोविंद विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में सभी को सामूहिक रूप से भागीदारी करना चाहिए। कोई छोटा बड़ा ना रहे इस भाव के साथ समाज में एकरूपता के साथ कार्य करना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्राध्यापक डॉ सुखदेव बैरागी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सरकार के मध्य सेतु का कार्य करते हे। कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि जब ग्राम का उदय होगा तभी प्रदेश और देश का अभ्युदय होगा। साथ ही उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य परिषद् की नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों तक पहुंचाकर यह सुनिश्चित करना है कि योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ अंतिम पात्र हितग्राही तक पहुँचे। अभियान में ग्राम स्तर पर उत्सव चौपाल रैली सामूहिक श्रमदान और परिवार सम्पर्क गतिविधियों का आयोजन कर सभी की सहभागिता हो इस पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जपं अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश चौहान ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता के द्वारा शासन की योजनाओं को प्रचार प्रसार हेतु ग्राम में अपने सक्रिय भूमिका निभाते हैं। आत्मनिर्भर भारत पर प्रकाश डालते हुए श्री चौहान ने कहा है इस अभियान में गांव में ग्राम चौपाल ग्राम उत्सव सामाजिक समरसता पर्यावरण संरक्षण कर जागरण कार्य करना तब जाकर अभियान सार्थक होगा।

**खबर संक्षेप**

### वार्षिक युवा प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**भौरासा।** विवेकानंद युवा महामंडल मांगलिया इंदौर के तत्वाधान में रविवार को 30 वाँ एक दिवसीय राज्य स्तरीय वार्षिक युवा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विवेकानन्द विद्यालय प्रांगण नराणा देवास में महामंडल अध्यक्ष आर. एस. भाटिया के सानिध्य में किया गया, जिसमें विभिन्न जिलों से आए 300 युवाओं ने सहभागिता दर्ज की। शिविर में प्रसाद व्यास, राजू सैनी, आदि विषय विशेषज्ञों ने युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया।

### एडव्होकेट विजेन्द्र राणा बने प्रदेश अध्यक्ष



**देवास।** अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने देवास के अधिवक्ता विजेन्द्र राणा को समाज के उत्थान एवं संगठन क्षमता को देखते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। राणा द्वारा समय समय पर समाज को जागरूक कर समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वास, रूढीवादिता एवं समाज को सक्षम बनाने के लिए सदैव प्रयासरत है उनके द्वारा किये गये कार्यो से प्रभावित होकर समाज ने उनको यह उत्तरदायित्व सौंपा है। राणा की नियुक्ति पर विधायक गायत्री राजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, ओम जोशी, भाजपा नेता मदनलाल कहार, शिव कुमार चौहान, राजकुमार मालवीय, संजु हिरवे, सतीश सिंदल उज्जैन, चिंटू मालवीय, राकेश सोलंकी, डॉ. राजेन्द्र गुजराती, गोविंद भालेराव इंदौर, विजय कटेसरिया, गोविंद मालवीय, मनोज गर्ग, संजू मालवीय, दादू चौहान, सुभाष मालवीय, जीतू मालवीय, कुंदन मालवीय, राकेश नागर, सुमन सर, मनीष डांगी, प्रमोद डोंगलिया, विजय मालवीय, धर्मेन्द्र मालवीय देवास, बाबूलाल मालवीय सर, गजेन्द्र मालवीय, देवकरण पहलवान, फूलसिंह मालवीय आष्टा, गुलाबसिंह नागदिया, अज्जू मालवीय, जितेन्द्र मालवीय सोनकच्छ, हिम्मतसिंह, विक्रम मालवीय, सुमन सौराष्ट्रीय शाजापुर, जितेन्द्र गेहलोद, ओ.पी. गेहलोद, सुमित मालवीय नागदा आदि ने बधाई देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार का आभार व्यक्त किया ।

### बरखेड़ा कोतापाई पहुंचा कृषि रथ

**देवास।** कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत किसानों को उन्नत और लाभकारी खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि रथ लगातार गांव-गांव पहुंच रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस कृषि रथ ग्राम बरखेड़ा कोतापाई पहुंचा, जहां किसानों को कृषि एवं इससे जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।


## दूषित पानी से मौतों के बाद शहर में शुद्ध पेयजल को लेकर नगर निगम सक्रिय

# टीम ने वार्डों में पानी सप्लाय के दौरान पानी किया चेक, रहवासियों से की चर्चा

### निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर प्रतिदिन चलाया जा रहा निरीक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

इंदौर में भागीरथपुरा दूषित पानी पीने से 20 ज्यादा मौतें हो चुकी है। हादसे के बाद प्रदेश भर में पेयजल करने वाली संस्था विभाग सक्रिय है। देवास में भी शुद्ध पेयजल को लेकर नगर निगम सक्रिय नजर आ रहा है। शहरवासियों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचे, इसके लिए नगर निगम पूरी तरह मुस्तैद नजर आ है। कहीं पाइपलाइन की जांच हो रही है तो कहीं पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को किसी भी तरह की परेशानी न हो और भरोसे के साथ नल का पानी इस्तेमाल कर सके। शहर में नलों के माध्यम से शुद्ध जल सप्लाय सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम की टीम लगातार विभिन्न वार्डों में निरीक्षण कर रही है। जल सप्लाय के दौरान नलों से पानी के सैंपल लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच की जा रही है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 19 के रामचंद्र नगर में निगम की टीम ने घर-घर जाकर नलों के पानी की स्थिति को परखा। निरीक्षण के दौरान टीम को नंदा नगर क्षेत्र में सीवरेज लाइन फूटने की शिकायत प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही निगम की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल सीवरेज लाइन के लीकेज को दुरुस्त किया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि भले ही सीवरेज लाइन में फॉल्ट था, लेकिन नर्मदा पाइपलाइन पूरी तरह सुरक्षित रही और उसमें किसी प्रकार का लीकेज नहीं पाया गया। वार्ड क्रमांक 17 में निगम की टीम ने पहुंचकर नलों से आ रहे पानी की जांच की और रहवासियों से चर्चा की। जांच के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि नलों से सप्लाय हो रहा पानी साफ है और उसमें किसी तरह की गंदगी व बदबू नहीं है। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर यह निरीक्षण अभियान प्रतिदिन



चलाया जा रहा है। निगम की टीमें नियमित रूप से पेयजल सप्लाय के समय पानी की गुणवत्ता की जांच कर रही हैं। फिलहाल शहर के किसी भी क्षेत्र में गंदे पानी की स्थिति नहीं है। वहीं शिप्रा वाटर प्लांट पर शनिवार को पानी के पांच सैंपल प्राप्त हुए हैं, जिनकी जांच की गई। पानी गुणवत्तापूर्ण पाया गया।

#### निगम ने की कार्रवाई

निगम राजस्व विभाग की टीम के द्वारा जलकर दाताओं पर फोकस करते हुए जलकर की बकाया राशि की वसुली सख्ती से की जा रही है। बकाया जलकर की राशि जमा नही होने पर नल कनेक्शन विच्छेद तत्काल मौके पर ही किए जा रहे है जिसके अन्तर्गत वार्ड 6 नोसराबाद कालोनी मे जलकर दाताओं से जलकर की बकाया राशि 63 हजार की वसुली राजस्व की टीम के द्वारा की गई। इसी प्रकार जलकर की 53 हजार की राशि जमा नही करने पर जलकर दाताओं के तीन



नल कनेक्शन विच्छेद किए जाकर तीन दिवस मे राशि जमा करने की चेतावनी दी गई। तीन दिवस मे राशि जमा नही करने पर नल कनेक्शन विच्छेद करने के साथ ही कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही मे निगम राजस्व विभाग की टीम उपस्थित रही।

# आरटीओ ने नियम विरुद्ध चल रही स्लीपर बसों पर की चालानी कार्रवाई

**12 बसों के काटे चालान**




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में परिवहन विभाग द्वारा कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के निर्देशन में जांच दल प्रभारी मीनाक्षी गोखले के नेतृत्व में रविवार अलसुबह 04 बजे से स्लीपर बसों में सुरक्षा मानकों की जांच की गई, इस विशेष जांच अभियान में स्लीपर बसों में शासन द्वारा तय सुरक्षा मानकों को जांचा गया। जांच कार्यवाही में बस चालक तथा यात्रियों के मध्य नियम विरुद्ध लगाए जाने वाले गेट को तत्काल मौके पर हटवाया गया, जांच में 18 बसों से गेट को हटवाया गया, साथ ही आपातकालीन दरवाजों तथा खिड़की पर लगी सीटों को भी मौके पर ही हटवाया गया। आगजनी की घटनाओं के मद्देनजर अग्निशमन की जांच की गई, जांच टीम द्वारा सभी बस चालकों को 5-5 kg के दो या 10 किलो का एक अग्निशमन बसों में लगवाने के लिए कहा गया, जिन बसों में आग बुझाने का यंत्र नहीं पाया गया, उन बसों पर सख्ती से चालानी कार्यवाही की गई। कुल 62 बसों की जांच की गई, जिसमें 12 बसों में कमी पाए जाने पर 51 हजार रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। आरटीओ अधिकारी चौहान ने बताया कि देवास जिले के सभी मार्गों पर चलने वाली स्लीपर बसों पर सुरक्षा मानकों की जांच का जा रही है, कमी पाए जाने वाली बसों पर नोटिस जारी कर पूर्ति करवाया जा रहा है।

### जिला एथलेटिक्स के खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री दौड़ में हुआ

**देवास।** देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि झारखंड में 24 जनवरी से आयोजित राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री दौड़ के लिए देवास से 10 किलोमीटर के लिए राजू यादव एवं तनु गवटीया, 4 किलोमीटर में मुस्कान राजपूत, 6 किलोमीटर में अंजलि पाटीदार का चयन हुआ है। इनकी उपलब्धि पर जिला खेल कल्याण विभाग अधिकारी सेना गडारिया, देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मदनलाल कहार, पप्पी मस्कोले, राजीव श्रीवास्तव, रागिनी चौहान, जितेंद्र गोस्वामी आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### शिव-पार्वती विवाह प्रसंग ने मोहा मन, श्रीराम कथा में उमड़ा भक्ति का सागर

**देवास।** सूर्य विजय हनुमान मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन शनिवार को भक्तिरस की अविरल धारा बही। आचार्य पं. देवराज शर्मा ने भगवान शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का भावपूर्ण और रोचक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।आचार्य शर्मा ने भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह की कथा सुनाते हुए शिव बारात का मनोहारी चित्रण किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कैलाशपति भोलेनाथ साधारण वेश में बारात लेकर हिमालय की ओर प्रस्थान करते हैं। शिव के गण, भूत-प्रेत, ऋषि-मुनि और देवताओं की अनोखी बारात का वर्णन सुनकर भाव-विभोर हो उठे। आचार्य श्री ने भगवान शिव के भोले और करुणामय स्वभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भोलेनाथ बहुत जल्द प्रसन्न होने वाले देव हैं। वे केवल बिल्व पत्र अर्पित करने से ही भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण कर देते हैं। भगवान शिव की नित्य पूजा-अर्चना करने से जीवन के सभी दुख दूर होते हैं और मन को शांति प्राप्त होती है। कथा के दौरान शिव भक्ति से ओतप्रोत भजनों की मधुर प्रस्तुति हुई, जिस पर महिला श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नृत्य करने लगीं। पूरे मंदिर परिसर में "हर-हर महादेव" के जयकारे गूंज उठे। आयोजक महिला मंडल ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से श्रीराम कथा श्रवण कर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।



## सैकड़ों महिलाओं और बच्चों ने नशाखोरी के खिलाफ मुहिम चलाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में संस्था मां शारदा द्वारा कराए गए पार्थिव दूध शिवलिंग निर्माण रुद्राभिषेक में सैकड़ों महिलाओं युवतियों बच्चों ने नशाखोरी के खिलाफ मुहिम चलाने का संकल्प लिया। संस्था मां शारदा इंदौर के बैनर तले पार्थिव शिव पिण्ड निर्माण एवं रूद्राभिषेक आयोजन में संस्था संयोजक एड्वोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी ने इस अभियान की जानकारी दी तथा आंकड़ों सहित नशाखोरी के कारण भौरासा नगर तथा आसपास के क्षेत्र में हुए एक्सीडेंट और उससे हुई मौतों का उल्लेख किया। नशाखोरी से बर्बाद होते परिवार, आत्महत्या एवं बढ़ते हुए अपराध के आंकड़े भी दिए।सैकड़ों महिलाओं और बच्चों ने हाथ उठाकर सहयोग देने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि प्रमोद कुमार द्विवेदी का परिवार भौरासा नगर में कई सालों तक रहा है और द्विवेदी विभिन्न सामाजिक धार्मिक आयोजन करते रहते हैं। विगत कुछ वर्षों से आयोजनों ने की संख्या में वृद्धि हुई है। सामाजिक मुद्दों पर बेबाक राय रख लड़ाई लड़ने वाले द्विवेदी इसके पहले भी लाखों चिट्ठी शराब नीति के खिलाफ लिखवा चुके हैं।

## ब्राह्मण समाज महिला मंडल ने मनाया हल्दी कुमकुम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ की महिला इकाई द्वारा प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के पर्व पर धूमधाम से हल्दी कुमकुम का पर्व आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी स्थानीय बीसीजी विद्यालय में महिला संघ द्वारा हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम मनाया गया। जानकारी देते हुए आशा शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समाज की महिला मंडल एवं समस्त कार्यकारिणी द्वारा हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित सभी महिलाओं ने भजन गाकर एक दूसरे को बधाई व शुभकामनाएं दी। समस्त महिलाओ को समाज के द्वारा पारितोषिक प्रदान किए गए। स्वल्पहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर महिला संघ अध्यक्ष यशोदा शर्मा, सहित आशा शर्मा, मंगला दुबे, ममता शर्मा, पुष्पा पेशकार, रोशनी उपाध्याय, कुसुम शर्मा, हंसा जोशी, मंगला पांडे, माया



तिवारी, शीला जोशी, विनीता व्यास, इंदिरा मेहता, रेनू शर्मा, प्रतिभा शर्मा, रिंकी व्यास, पुष्पा आचार्य, भारती पाठक, साधना तिवारी, रिचा दुबे, संध्या आचार्य, पूर्णिमा गौतम, विनीता गौतम, मानसी शास्त्री, सीमा व्यास, भारती शर्मा, उषा पौराणिक, शीला दुबे, पूजा दुबे, पूजा जोशी, ज्योति चौबे, बबली दुबे, ज्योति पगारे, गायत्री भटेले, भूमिका शर्मा, सीमा व्यास, नेहा शास्त्री, वर्षा पांडे, शोभा मिश्रा सहित कई महिलाएं उपस्थित रही।

### नगर की 13 बस्तियों के साथ सोनकच्छ व हाटपिपल्या में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन

# 11 मंडलों के 90 से अधिक गांवों के ग्रामीण हुए सम्मिलित





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश -सनातन संस्कृति के संरक्षण तथा राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को 11 मंडलों एवं देवास नगर की 13 बस्तियों के साथ सोनकच्छ एवं हाटपीपल्या नगर में भी विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ जिनमे एक लाख से अधिक लोग सम्मलित हुए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के शताब्दी वर्ष होने पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है।देवास नगर में बीएनपी बस्ती, प्रताप बस्ती, बिलावली बस्ती, उत्तम नगर, राजाराम नगर, विकास नगर, अमोना, बावडिया, बालगड, मल्हार, उपासना, भवानी सागर, रेवाबाग बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुए। इसी प्रकार सोनकच्छ एवं हाटपिपल्या नगर में भी बस्ती हिन्दू सम्मेलन का आयोजन रविवार को हुआ।ग्रामीण अंचल में पीपलरांवा खण्ड के गंधर्वपुरी, गड़खजुरिया एवं तालोद मंडल, टोंकखुर्द खण्ड के पाडल्या, गौरवा एवं बुदासा मंडल देवास ग्रामीण खण्ड के रालामंडल, नेवरी एवं सिंगावदा, बरोठा खण्ड में क्षिप्रा एवं सिरोल्या मंडल के हिन्दू सम्मेलन रविवार को आयोजित हुए। इन 11 मंडलों के हिन्दू सम्मेलनों में 90 से अधिक गांवों के लोग सम्मिलित हुए।

इन सम्मेलनों में भारत माता पूजन एवं आरती,गो पूजन, शास्त्र पूजन, कलश यात्राएं, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन जैसे धार्मिक कार्यक्रमों के साथ गणेश-सरस्वती वंदना पर नृत्य एवं पंच परिवर्तन सहित समसामयिक विषयों पर नाटिका जैसे संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

इस अवसर पर सभी स्थानों पर समरसता सहभोज भी आयोजित किए गए। स्थानीय स्तर पर प्रमुख संत, मातृ शक्तियां,समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी वक्ता के रूप में रहे। वक्ताओं ने हिन्दू समाज को अपनी सनातन परंपराओं, मूल्यों तथा संगठन शक्ति के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना तथा राष्ट्रहित में सामूहिक योगदान देना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। वक्ताओं ने 'पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन' के सूत्र को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए बताया कि व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्तर पर होने वाले सकारात्मक बदलाव ही समाज में व्यापक परिवर्तन ला सकते हैं।

हिन्दू हम सब एक₹ एकता का यही भाव भारत को विश्व गुरु बनाएगा।संत-महात्माओं ने बल देकर कहा कि हिन्दू समाज की एकजुटता ही विश्व कल्याण का सबसे सशक्त मार्ग है। उन्होंने आह्वान किया कि समाज अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानकर एक सूत्र में बंधे और सनातन मूल्यों के आधार पर विश्व पटल पर अपनी सकारात्मक भूमिका निभाए। आगामी दिनों में देवास जिले के शेष मंडलों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे।

# स्काउट गाइड संघ का कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश संघ देवास द्वारा शुक्रवार को स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र जामगोद में सहभागिता करने वाले और वर्ष भर की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले शिक्षकों और स्काउट गाइड को सम्मानित किया गया। ब्लॉक बागली के शिक्षक कमल सिंह राजपूत, योगेश तिवारी, प्रेम सिंह राजपूत, दिनेश गिरी गोस्वामी और अनिल चौहान को वैष्णो देवी, बुलबुल उत्सव, बीकानेर एडवांस प्रशिक्षण वारासिवनी बालाघाट, माता टेकरी पर यातायात नियंत्रण, हाटपिपलिया नरसिंह घाट पर यातायात नियंत्रण, वृक्षारोपण, जल सेवा, स्वच्छता अभियान आदि कार्यों में सक्रिय सहभागिता करने पर प्रशंसा पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कमिश्नर विष्णु वर्मा स्काउट गाइड, जिला अध्यक्ष मनोज जोशी, जिला संगठन आयुक्त मनोज पटेल, जिला सचिव जितेंद्र मंडलोई आदि पदाधिकारी /अधिकारी गण उपस्थित रहे। बागली उपसंचालक प्रिया भनपुरिया, बीआरसी कय्युम खान बनारसी, बीईओ एनपी सिंह, प्राचार्य सर्वत्री प्रकाश, संकुल प्रभारी महेश गिरी गोस्वामी, वासुदेव जोशी अनंत नागर बागली विकासखंड के समस्त स्काउटरस/ गाइड्स को सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### अचानक लापता हो गई नाबालिग पुत्री

**ललितपुर**। शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला युवक ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह किराए से मकान में रहता है और मजदूरी करके अपना व परिवार का भरण-पोषण करता है। 16 जनवरी की रात करीब 10 बजे वह परिवार के साथ घर में सो रहा था। उसी समय उसने पानी पीने के लिए उठा तो देखा कि उसकी नाबालिग पुत्री घर में नहीं थी। पूरे घर व छत पर जाकर तलाश किया, लेकिन पुत्री नहीं मिली। उसने आस-पड़ौस व रिश्तेदारों के यहां भी जानकारी की तो पुत्री की जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत सूचना दर्ज कर ली है।

### बाइक की आमने-सामने टक्कर से युवक हुआ घायल, झांसी रेफर

**ललितपुर**। रिपोर्टिंग पुलिस चौकी राजघाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम रानीपुरा में रहने वाली मीना पत्नी कैलाश यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पुत्र ग्राम चमरौआ से दूध खरीदकर अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.सी. 4743 से घर आ रहा था। तभी पीछे से धनुषराम बैठा था, जिससे रास्ते में राजघाट से तेज गति व लापरवाही से आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 9548 पर सवार तीन लोगों में ग्राम ननौरा निवासी अर्जुन पुत्र हरगोविन्द लोधी, अनिल पुत्र जयदेव व प्रशान्त पुत्र कालूराम झां ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे धनुषराम को गंभीर चोटें आयीं और मनमोहन को अंधरूनी चोटें आयीं व मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना की सूचना चौकी राजघाट पुलिस को दी गयी, तब पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बुरी तरह से घायलों को मेडीकल कॉलेज भेजा, जहां धनुषराम की हालत नाजुक होने पर उसे मेडीकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 (ए), 125 (बी), 281, 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मुंह पर ईंट मारकर किया महिला को घायल

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला रामनगर में रहने वाले महेन्द्र सिंह पुत्र तोरन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 16 जनवरी की शाम करीब 5.30 बजे वह मोहल्ला चौकाबाग में खड़ा था, तभी आरएमबी के पीछे रहने वाले उदय अपने एक अज्ञात साथी के साथ आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके मुंह पर गुम्मा उठाकर मार दिया, जिससे उसके मुंह में काफी चोट लग गयी और दांत हिलने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 115 (2), 351 (3), 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पंचतत्व में विलीन हुए नेमवि के पूर्व प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा

**ललितपुर**। जिले के प्रख्यात साहित्यकार, लेखक और अपनी



जीवन्त लेखनी से प्रत्येक महापुरुष की जयन्ती, त्यौहारों व राष्ट्रीय पर्वों पर लेख प्रस्तुत कर लोगों को रोमांचक किस्से बताने वाले नेहरू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा का शनिवार देर रात निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर शहर में शोक लहर दौड़ गयी। बताते चलें कि प्रो.भगवत नारायण शर्मा अपने हंसमुख स्वभाव, हिन्दी साहित्य में असाधारण ज्ञान को लेकर काफी प्रख्यात थे। उनके लिखे हुये लेख लोगों में काफी प्रेरणादायी रहे। मनोज शर्मा और सिद्धार्थ शर्मा के पूज्यनीय पिता प्रो.भगवत नारायण शर्मा के आकस्मिक निधन से शहर में शोक का माहौल बना हुआ है। रविवार को उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास स्थान रिशाला मंदिर के पास से निकाली गयी, जो कि इलाइट चौराहा स्थित मुक्तिधाम पर पहुंची, जहां उन्हें पंचतत्व में विलीन किया गया।

## बजाज एनर्जी समूह बच्चों के साथ जवानों ने भी की मैराथन दौड़

# खेल से ही होता है मानसिक और शारीरिक विकासः सार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

बजाज एनर्जी समूह की ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड में मैराथन 2026 में अधिकारियों एवं उनके परिजनों ने ज़बर्दस्त उत्साह के साथ भाग लिया। स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ शुरू हुई मैराथन में बच्चे, महिलाओं व पुरुषों ने भागीदारी दी। इस मौके पर कंपनी के सीईओ ए एन सार ने खेलों के माध्यम से लंबी और निरोगी काया पर प्रकाश डाला।

आज सुबह 7 बजे से बजाज एनर्जी समूह की ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड परिसर में आयोजित मैराथन 2026 में प्रतिभाग करने के लिए कंपनी अधिकारियों व उनके परिजनों में भारी उत्साह देखा जा रहा था। मैराथन की शुरुआत से पूर्व कंपनी के सीईओ ए एन सार ने कहा कि खेल व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को खेलों में प्रतिभाग करके लंबी और निरोगी काया रखने के मंत्र का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक आप के अंदर छिपा खिलाड़ी सक्रिय रहेगा बीमारियां आपसे दूर भागती रहेंगी। कंपनी इस वर्ष मैराथन का आयोजन स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ कर रही है।



ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी परिसर में मैराथन 2026 को हरी झंडी दिखाकर शुरू कराते कंपनी के सीईओ ए एन सार।

इसके बाद उन्होंने हरी झंडी दिखाकर मैराथन की शुरुआत कराई। इस मौके पर लोग जमकर भागे और एक दूसरे को पछाड़ने की जद्दोजहद के बीच खेल भावना का परिचय दिया। इस मैराथन के वही सिकंदर बने जिनके शरीर में दम और निरंतर अभ्यास था।

मैराथन प्रतियोगिता के ग्रुप ए (आयु वर्ग 40 साल से कम) में प्रथम शिवम राजपूत, द्वितीय कृष्णा मेघवंशी, तृतीय अजय कुशवाहा, ग्रुप बी (महिला वर्ग) में प्रथम विमला यादव, सीमा चौधरी, तृतीय। शांभवी मिश्रा शामिल हैं।

## शहर कोतवाली पुलिस ने ठगी के मामले में गिरफ्तार कर भेजा था जेल

# जेल में निरूद्ध आरोपित का सात माह बाद पुलिस ने मांगा रिमांड, न्यायाधीश ने किया खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर।

नौकरी के नाम पर ठगी करने के मामले जेल में निरूद्ध गोलू यादव पर पुलिस का शिकंजा कसता नजर आ रहा है। हाल में पुलिस ने बीते वर्ष के माह मई में थाना नाराहट क्षेत्र में एक आरोपित के साथ हुई साइबर अपराध के मामले में जेल में निरूद्ध आरोपित के खिलाफ न्यायालय से रिमाण्ड मांगने पहुंचे एक निरीक्षक को निराश होकर वापस आना पड़ा, न्यायाधीश ने आरोपित के अधिवक्ता की ओर से दी गयी दलीलों एवं पुलिस के ओर से पेश किये गये अभिलेखों के आधार पर न्यायिक अभिरक्षा देने से इंकार करते हुये जांच अधिकारी के प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया है।

बीते वर्ष 24 दिसम्बर को शहर कोतवाली पुलिस ने नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी भूपेन्द्र तिवारी ने मेडिकल कॉलेज में नौकरी दिलाने के नाम पर करीब साढ़े सात लाख की ठगी करने के आरोप लगाये थे। पुलिस ने मोहल्ला पिसनारी निवासी सत्यभान यादव उर्फ गोलू यादव व कुछ अज्ञात आरोपितों के खिलाफ रंगदारी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर नामजद आरोपित गोलू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपित के जेल जाने के बाद नगर में ठग या पुलिस के मुखबिर की चर्चा जोरो पर होने लगी थी। आरोपित के जेल जाने के बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात एक पुलिसकर्मी की आरोपित से करीबियों के चलते उसे सस्पेंड करने की चर्चा जोरों पर बनी हुई है। लेकिन आरोपित द्वारा पुलिस अधिकारियों पर लगाये गये आरोप गंभीर होने के कारण पुलिस विभाग के आलाधिकारियों ने एसओजी व सस्पेंड हुये पुलिसकर्मी के खिलाफ विभागीय जांचे शुरू कर दी है। सूत्रों की माने तो सस्पेंड हुआ सिपाही फिलहाल जनपद से गायब नजर आ रहा है और उसके खिलाफ होने वाली जांच भी गैर जनपद स्थानातरित होने की चर्चा जोरो पर बनी हुई है। सात माह पूर्व साइबर थाने में दर्ज हुये अपराध के मामले में जेल में निरूद्ध आरोपित गोलू यादव के खिलाफ रिमाण्ड मांगने के मामले में आरोपित पक्ष के अधिवक्ता आनंद चतुर्वेदी द्वारा दी गयी।

# उपजा यूपी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन मड़ावरा तहसील इकाई की मासिक बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मड़ावरा, ललितपुर



यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन तहसील ईकाई मड़ावरा की मासिक बैठक श्रीशाला जी मंदिर परिसर में संगठन जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा की अध्यक्षता में किया गया है। जिसमें मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें नए सदस्यों को संगठन से जोड़ते हुए मड़ावरा तहसील इकाई का पदभार ग्रहण कराया गया और संगठन से दूरी बना चुके सदस्य पत्रकार प्रियंक सराफ, इमरान खान, अजीज खान, अखलेश साहू को सर्व सम्मति से संगठन से निष्कासित किया गया। तहसील महामंत्री पद पर मयंक पाण्डेय साढ़ूमल व तहसील संयोजक पद पर प्रकाश सिंह लोधी का चयन किया गया। जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा का फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर संगठन की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान सतीश नायक, मयंक पांडे, राकेश कुमार वैध, रामजी तिवारी, वीरेंद्र सिंह सेंगर, विक्रम सिंह सेंगर, विनोद कुमार जैन, प्रवीन जैन, प्रतीक कुमार दीक्षित, प्रकाश सिंह लोधी, नवल कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# खेत से भैंसे निकालने की कहने पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

कोतवाली महरौनी अंतर्गत मोहल्ला अथाईपुरा के लोहागढ़ निवासी दीपेन्द्र सिंह पुत्र स्व. जयहिन्द सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 17 जनवरी शनिवार को सुबह करीब 11 बजे वह अपने खेत पर भैंसों को चरा रहा था। तभी तेजसिंह पुत्र शिवराज सिंह पहले से उसके खेत में अपनी भैंस चरा रहा था। उक्त व्यक्ति को जब उसने खेत से भैंस निकालने के लिए कहा तो तेज सिंह ने उसके साथ गालियां दी और उसने नीलेश पुत्र केहर सिंह को बुलाकर दोनों ने उसके साथ मारपीट कर दी और धमकाते हुये कहने लगे कि कार्यवाही की तो जान से मारकर फेंक देंगे। आरोप है कि उक्त लोग रुपयों का रौब दिखाते हुये कहने लगे कि उसे जान से मारकर सब निपट लेंगे।

## पत्रकार भवन की मांग करते हुए ग्रापए मड़ावरा ने सौंपा जिलाधिकारी को ज्ञापन

**ललितपुर**। पत्रकार भवन की मांग को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई मड़ावरा द्वारा एक ज्ञापन जिलाधिकारी सत्यप्रकाश को सौंपा गया। ज्ञापन में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई मड़ावरा द्वारा जिलाधिकारी मड़ावरा से मांग की गई कि तहसील मड़ावरा क्षेत्र के पत्रकार बन्धुओं को वर्तमान में बैठक व आवश्यक गतिविधियों के संचालन करने करने के लिए कोई नियत स्थान प्रदान नहीं किया गया है जबकि जनपद के तालबेहट,महरौनी आदि तहसील मुख्यालयों पर प्रशासन के सहयोग से पत्रकार भवन बनवाये गए हैं। जिलाधिकारी से पत्रकार हित में अतिशीघ्र ही तहसील मड़ावरा मुख्यालय अंतर्गत कोई नियत स्थान सरकारी भवन या भूमि पत्रकार भवन के लिए प्रदान करने का अनुरोध किया है। पत्रकारो ने ज्ञापन में बताया कि पूर्व में तत्कालीन जिलाधिकारी से मड़ावरा में पत्रकार भवन की मांग की थी। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को आदेशित किया गया था कि मड़ावरा में पत्रकारो को बैठक एवं प्रेस वार्ता के लिए भवन उपलब्ध करा दिया जाए। तत्कालीन उपजिलाधिकारी अधिकारी ने सीएचसी मड़ावरा के गेट पर बने सरकारी भवन को पत्रकारो के लिए आवंटन किया था, लेकिन अचानक से तत्कालीन उपजिलाधिकारी मड़ावरा का स्थांतरण हो जाने के कारण कार्यवाही पूर्ण नहीं हो सकी थी।

# अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के हर बच्चे को कृमि मुक्त बनाना है : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

सीएमओ ने बताया कि आगामी 10 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के पहले चरण का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रत्येक बच्चे को कृमि मुक्त बनाना है, ताकि उनके शारीरिक और मानसिक विकास में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। इस अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों और किशोरों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। जो बच्चे किसी कारणवश 10 फरवरी को दवा लेने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 13 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले मॉप-अप डे के दौरान कवर किया जाएगा। बच्चों को स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से यह सुरक्षा कवच प्रदान किया जाएगा।

### कृमि बच्चों के शरीर में पैदा करते हैं बाधा

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मिट्टी से फैलने वाले कृमि भारत में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती हैं। कृमि बच्चों के शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण में बाधा डालते हैं, जिससे एनीमिया), कुपोषण और संज्ञानात्मक विकास में गिरावट जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस इन समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रभावी उपाय है।

अभियान के तहत 1-2 वर्ष के बच्चों के लिए आधी गोली (200 मिलीग्राम) पीसकर साफ पानी के साथ दी जाएगी 2-19 वर्ष के बच्चों के लिए एक पूरी गोली (400 मिलीग्राम) चबाकर खानी होगी। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है।

### संक्रमण के चक्र को तोड़ने की अपील

हालांकि, जिन बच्चों के पेट में कृमि का भार अधिक होता है, उनमें हल्केजी मिचलाने या पेट दर्द जैसे लक्षण दिख सकते हैं, जो अस्थायी होते हैं। सभी केंद्रों पर आपातकालीन प्रोटोकॉल और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट ने बताया कि संक्रमण के चक्र को तोडऩे के लिए स्वच्छता अनिवार्य है। जनमानस से आग्रह है कि वे स्वच्छ आदतों को अपनाएं, जैसे शौचालय का प्रयोग करना, खाने से पहले और शौचालय के बाद साबुन से हाथ धोना, नाखून छोटे और साफ रखना, साफ पानी पीना और सब्जियों/फलों को धोकर उपयोग करना, जूते या चप्पल पहनना आदि आदत में लाएं।

सीएमओ ने अपने संदेश में जनमानस से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ बचपन ही विकसित भारत की नींव है। आइए, सुनिश्चित करें कि 10 फरवरी को कोई भी पात्र बच्चा एलबेंडाजोल खुराक से न छूटे।

# स्कूली बसों के खिलाफ की गयी कार्यवाही फिटनेस की हुई चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में एवं मुख्य सचिव शासन के पत्र द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 से 31 जनवरी तक कियान्वित किये जाने के निर्देश दिये गये है। निर्देशों के क्रम में परिवहन विभाग द्वारा पन्द्रहवे दिन 18 स्कूली वाहनों के फिटनेस की जॉच एवं मोटर वाहन नियमावली में स्कूली वाहनों के दिये गये मानको के अनुसार वाहनों की जांच की गयी जिसमें सभी स्कूली वाहनें नियमानुसार सही पायी।

सोलहवे दिन जनपद में अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही में बसों की जाँच की गयी। जिसमें 01 बस के विरूद्ध चालान, निरूद्ध की कार्यवाही अमल में लायी गयी। प्रवर्तन कार्य के दौरान कोई भी बस ओवरलोड सवारी ढोते नही पायी गयी। आज


कार्यवाही के दौरान पकड़े गये वाहन

सत्रहवें दिन माल वाहनों में ओवरलोडिंग तथा सवारी ढोने के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गयी जिसमें कोई भी माल वाहन सवारी ढोते नही पाया गया। तथा 04 माल वाहने ओवरलोड पायी गयी जिनके विरूद्ध चालान, निरूद्ध की कार्यवाही की गयी। प्रवर्तन कार्य के दौरान समस्त चालको को यातायात नियमों का पालन किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। तथा वर्तमान में कोहरे के दृष्टिगत कोहरे में वाहनों के संचालन के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी गयी।

## आर्मी में रॉ एजेंट बताकर एएनएम से फेसबुक पर की दोस्ती, फिर की ठगी

# छह लाख लेकर फोन उठाना कर दिया बंद अब एएनएम ने दर्ज करवाई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

सोशल मीडिया के फेसबुक एकाउण्ट पर हुयी दोस्ती ने महिला को बड़ी मुश्किल में डाल दिया। दरअसल, खुद को आर्मी में रॉ का एजेण्ट बताने वाले युवक ने ए.एन.एम. पद पर तैनात महिला से दोस्ती कर छह लाख रुपये ऑनलाइन लेकर धोखाधड़ी कर दी। अब ए.एन.एम. ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ साइबर क्राइम थाना में लिखित शिकायती पत्र देकर एफआईआर दर्ज करायी है।

मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला जालौन अंतर्गत ग्राम पिरौना में रहने वाली ममता वर्मा पत्नी अरविन्द वर्मा ने बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग के सी.एस.सी. बिरधा के उपरिया उपकेन्द्र में ए.एन.एम. पद पर कार्यरत है। बताया कि करीब 3-4 माह पहले फेसबुक के माध्यम से उसकी दोस्ती एक व्यक्ति से हुयी, जिसने अपना नाम कैलाश चौधरी बताया।

उक्त व्यक्ति जिसने अपना नाम कैलाश चौधरी बताया था ने खुद को आर्मी में रॉ एजेण्ट अधिकारी बताया। इसके बाद दोनों में वार्ता होने लगी और कुछ दिनों बाद अचानक से कैलाश चौधरी ने उससे कहा कि उसका बैंक खाता किसी कारण से ब्लॉक हो गया है। उसे अर्जेन्ट रुपयों की आवश्यकता है। उसकी बातों में आकर ए.एन.एम. ने हां कर दी और उसकी बातों के झांसे में आकर धोखाधड़ी कर कैलाश चौधरी नाम के युवक ने उससे 6 लाख रुपये ऑनलाइन डलवा लिये। जब उसने कुछ समय बाद अपने रुपये वापस मांगे तो उक्त व्यक्ति ने उसकी ड्यूटी जम्मू में होने की बात कहते हुये टाल दिया और अभी रुपये नहीं दे पाने की बात कही। थोड़े समय पश्चात कैलाश चौधरी नाम के युवक ने उसका फोन भी उठाना बंद कर दिया।

इसके बाद ए.एन.एम. को उसके साथ हुये धोखाधड़ी की जानकारी हुयी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ए.एन.एम. की तहरीर पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## नेमवि में गणित व रसायन विज्ञान की प्रायौगिक परीक्षा आज

**ललितपुर**। नेहरू महाविद्यालय ललितपुर के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने अवगत कराया कि बी.एस-सी. प्रथम सेमेस्टर गणित की प्रायोगिक परीक्षा 19 जनवरी 2026 को 10 बजे से आयोजित की जायेगी। उन्होंने आगे बताया कि बी.एस-सी. तृतीय सेमेस्टर रसायन विज्ञान की प्रायौगिक परीक्षा 19 एवं 20 जनवरी को तथा बी.एस-सी. पंचम सेमेस्टर रसायन विज्ञान की प्रायौगिक परीक्षा 20 जनवरी 2026 को सुबह 09 बजे सायं 04 बजे तक रसायन विज्ञान विभाग में सम्पन्न होगी। प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने सभी छात्र-छात्राओं से निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर परीक्षा देने के निर्देश दिये हैं। जानकारी के लिए छात्र-छात्रायें डॉ. रोहित वर्मा एवं डॉ. जगवीर सिंह से संपर्क करें।

## दहेज में कार न मिलने पर लड़के ने किया शादी करने से इंकार

# इंदौर में खुद को न्यूज चैनल का पत्रकार बताकर दहेज में मंहगी कार की डिमांड

**पिता ने दर्ज कराई एफआईआर, कहा- पुत्री का भविष्य हो रहा खराब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

मध्य प्रदेश के जिला इंदौर में स्वयं को बड़ा पत्रकार बताते हुये पुत्री से शादी करने के एवज में कार की मांग करने और कार्ड वितरण होने के बाद शादी से इंकार कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये कोतवाली पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला आजादपुरा तृतीय में रहने वाले हल्के पाल पुत्र स्व.धनसिंह पाल ने कोतवाली पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पुत्री का विवाह मध्य प्रदेश के जिला इंदौर में विजयनगर निवासी सुमित सिंह पुत्र कमल सिंह के साथ 20 नवम्बर 2025 को होना तय हुआ था। उसने एक सोने की अंगूठी, सोने की चैन, कपड़े व सामान, फलफ्रूट करीब 60 हजार रुपये के और 5 लाख रुपये के साथ आगामी 26 फरवरी 2026 को ललितपुर में ही सुमित सिंह, कमल सिंह, शान्ति पत्नी कमल, कृष्णा पुत्र कमल सिंह, प्रगति पत्नी कृष्णा को सचिन, बब्लू, अंकित पुत्रगण हल्के व अपनी पत्नी कमलेश, मोहल्लेवासियों व रिश्तेदारों के सामने दिये और उसने विवाह के कार्ड छपवाकर वितरण कर दिये। बारात घर भी बुक कर लिया, भोजन बनाने के लिए मिठया भी कर लिया और विवाह की सम्पूर्ण तैयारी कर ली। इतना सब होने के बाद सुमित ने कहा कि वह न्यूज चैनल का पत्रकार है, उसे दहेज में कार चाहिए, इससे उनका रूतवा बना रहेगा। पीड़ित व उसकी पुत्री के मोबाइल फोन पर होने वाले समधी कमल ने 15 नवम्बर को फोन करके भुगतान करने की बात कही, जिस पर उन्होंने कहा कि शादी के दौरान ही दहेज में कार देनी पड़ेगी।

# विश्व शांति के अग्रदूत प्रजापिता ब्रह्मा बाबा : ब्रह्माकुमारीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन के लिए एक स्मरणीय दिन रहा। जिसमें बाबा के चारों धाम की रूहानी यात्रा (शांति स्तंभ, बाबा का कमरा, हिस्ट्री हॉल, बाबा की कुटिया) का उद्घाटन समारोह एवं ब्रह्माकुमारीज के आदि प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 57वां पुण्य स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दैवीय भ्राता राजेश श्रीवास्तव उनकी धर्मपत्नी अनुराधा श्रीवास्तव ने रिविन काटकर कार्यक्रम को गति प्रदान की। जिसमें राजयोगिनी चित्ररेखा दीदी ने ब्रह्मा बाबा के जीवन, उनकी शिक्षाओं और विश्व शांति के संदेश दिए। उन्होंने बताया कि बाबा ने अपना तन-मन-धन सब ईश्वरीय यज्ञ में स्वाहा कर दिया। सदैव ट्रस्टी


कार्यक्रम के दौरान मौजूद बहने

बनकर रहे और संपूर्णता को प्राप्त किया। उनकी ही स्मृति में यह रूहानी यात्रा के लिए स्थान बनाए गए। जहां बैठकर बच्चे बाबा के साथ रूह-रिहान करके बाबा से शक्ति एवं वरदान प्राप्त कर सके। बीके मायारानी दीदी जी ने बताया कि शांति स्तम्भ बापदादा सतगुरु रूप में शांति का वरदान देते है। हिस्ट्री हाल में परम शिक्षक बाबा ज्ञान से बुद्धि की झोली भरते है। कमरे में परमपिता की पालना सर्व शक्तियों का वरदान देते है। कुटिया में परम सखा स्वरूप से सुख-शांति की वर्षा करते हैं।

तत्पश्चात सभी ने रूहानी यात्रा की एवं ब्रह्माभोजन स्वीकार किया। इस दौरान बीके गीता दीदी, बीके प्रीती दीदी, बीके रुबी दीदी, बीके प्रियंका बहन, बीके निशा बहन, बीके पूजा बहन, बीके शिवानी बहन, बीके विद्यासागर भाई, डा.श्रीराम साहू, एड रामस्वरूप साहू, केशव प्रसाद पांडे, राधेश्याम ताम्रकार, अशोक राठौर, महेश कंचन, गणेश साहू, मनीष दुबे, रोहित श्रीवास्तव, हरिशंकर साहू, कृपाल सिंह बुंदेला, कैलाश नारायण, खुशीलाल साहू, भगवानदास शर्मा, पंचम निरंजन, मनीष तिवारी, रानू तिवारी, नीलिमा चौबे, किरण साहू, मंजू साहू, लक्ष्मी साहू, सीमा नरवरिया, रेखा सिंधी, मुन्नीराजा बुंदेला, नम्रता श्रीवास्तव, हर्षिता बहन, स्वर्णा कंचन, कमला साहू एवं शहर के अनेक वरिष्ठ भाई-बहन उपस्थित रहे।

# विशेष बूथ अभियान के अंतर्गत मतदेय स्थलों का भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं

**एएसडी मतदाताओं की मैपिंग कर फार्म 6 भरवाने के आरओ को दिए निर्देश, मतदाताओं से अपील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मतदेय स्थलों पर आयोजित विशेष बूथ अभियान का जायजा लेने के उद्देश्य से नगर व ग्रामीण क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे अपनी प्रशासनिक टीम के साथ पोलिंग बूथों पर पहुंचे और यहां उपस्थित बीएलओ व सुपरवाइजरो के द्वारा मतदाताओं के फार्म संख्या 6, 7 व 8 के संबंध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत आज 18 जनवरी को मतदेय स्थलों पर विशेष बूथ अभियान आयोजित किया गया है, जिसमें बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के फार्म संख्या 6, 7 व 8 भरवाए का रहे हैं। साथ ही मतदाता सूची भी दिखाई जा रही है। जिलाधिकारी ने समस्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि एएसडी मतदाताओं में छूटे हुए मतदाताओं की मैपिंग कर उनके फार्म 6 फरवाए जाएं। इसके लिए निरंतर बूथों का निरीक्षण करते रहें और मतदाताओं को जागरूक करते रहें।

### खेतों में पहुंचकर जानी कैसी होती है प्रेशराईज्ड सिंचाई प्रणाली

# छत्तीसगढ़ के 58 सदस्यीय दल ने समझी मोहनपुरा सिंचाई प्रणाली

## सिंचाई परियोजनाओं के सभी पहलुओं को जानने 2 दिवसीय दौरे पर आया है दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



क्षेत्र के विकास में आमूलचूल बदलाव लाने वाली मोहनपुरा, कुंडालिया प्रेशराईज्ड सिंचाई प्रणाली की तरफ भारत के अन्य राज्य भी आकर्षित हो रहे हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य से आए 58 सदस्यीय तकनकी दल व कृषकों ने शनिवार को खेतों में ही पहुंचकर इस सिंचाई प्रणाली को विस्तार से जाना एवं समझा।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय ने एक दिन पहले ही इस दल को रवाना llलपसार कया था। इसके पूर्व मुख्यमंत्री श्री सहाय ने स्वयं प्रेशराइज्ड एरिगेशन सिस्टम का प्रजेंटेशन सूबे के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भोपाल में समझा था। छत्तीगढ़ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सिंचाई प्रणाली को शुरू करने इस दल को भेजा गया है। दल शामिल सदस्यों को मोहनपुरा, कुंडालिया परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया, शुभंकर विश्वास ने बारीकी से हर नवाचार से अवगत कराया। इस दल में छत्तीसगढ़ के जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास, प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उइके, अधीक्षण यंत्री आलोक अग्रवाल सहित अन्य शामिल थे।

### जशपुरा, अंबिकापुरा, कोरबा जिले के किसान सम्मिलित

छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर, अंबिकापुर और कोरबा सहित आसपास के अन्य जिलों से आए किसानों और अधिकारियों ने विश्व की इस सबसे बड़ी प्रेशराइज्ड सिंचाई को बारीकी से समझा। परियोजना के अधिकारीगणों ने किसानों के बीच परियोजना डिटेल साझा की। राजगढ़ जिले की पथरीली जमीन पर सिंचाई होते देख कृषक आश्चर्यचकित रह गए।

### पंप हाउस के तकनीकी पहलुओं को समझा

प्रथम दिवस इस दल ने लगदरिया पंप हाउस, आरबीसी पंप हाऊस से पानी लिफ्ट होता देख किसानों से भी चर्चा की। दल ने पंप हाऊसों के हर तकनीकी पहलू को समझा एवं माचलपुर व अन्य गांवों में जाकर किसानों से चर्चा की।

### आज कुंडालिया परियोजना का करेंगे भ्रमण

दल में शामिल अधिकारी एवं कृषकगण रविवार को कुंडालिया परियोजना का भ्रमण करेंगे। इस दौरान वहां किसानों से चर्चा कर फसल लेने के तरीके को भी जानेंगे। इसके साथ ही आपस में पानी का कैसे उपयोग करते हैं, इसको लेकर भी चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि विश्व की सबसे बड़ी प्रेशराइज्ड परियोजना मोहनपुरा, कुंडालिया को देखने के साथ ही ऐसी ही प्रतिकृति छत्तीसगढ़ में भी बनाई जा रही है। वहां इसका नाम बगिया रखा गया है। बगिया परियोजना से दाबयुक्त सिंचाई प्रणाली से 13 गांव सिंचित होंगे वहीं मोहनपुरा, कुंडालिया की तरह बांध से सीधे खेत तक पानी पहुंचाया जाएगा।

### जिला कांग्रेस ने गांधीवादी तरीके से किया प्रदर्शन

# मौन धरना देकर इंदौर नगर निगम को भंग करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



इंदौर नगर में दूषित पानी से हुई 23 लोगों की मृत्यु मामले को लेकर जिला कांग्रेस ने इंदौर नगर निगम को भंग करने की मांग रखी है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को इंका पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय के सम्मुख गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा।

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना के नाम एवं स्वरूप में किए गए परिवर्तन को लेकर भी इंकाजनों ने एक अन्य ज्ञापन सौंपा है। इंदौर दूषित पानी के संबंध में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि नगरीय प्रशासन मंत्री इंदौर से हैं। इंदौर महापौर, सांसद, विधायक सभी भारतीय जनता पार्टी से ताल्लुक रखते हैं। ऐसे में इंदौर में डबल नहीं बल्कि ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बावजूद को दूषित और जानलेवा पेयजल उपलब्ध करवाना सीधे-सीधे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की ओर ईशारा कर रहा है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने मांग रखी कि दूषित पानी से जुड़े इस पूरे मामले की जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से करवाई जाकर दोषियों पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। धरना प्रदर्शन के दौरान इंकाईयों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जमकर कौंसा।

### महावीर आश्रम बड़ा बाग से मोटरसाइकिल चोरी

**सुठालिया।** शनिवार को स्थानीय महावीर आश्रम बड़ा बाग के गेट से दिनदहाड़े एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई, जो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई। जानकारी के अनुसार दोपहर 12 बजे विक्रम पिता बलदेव सिंह कुशवाह उम्र 40 वर्ष वार्ड नं 15 परलापुरा निवासी अपनी पत्नी के साथ मंदिर के बहार मोटरसाइकिल खड़ी करके मंदिर में दर्शन करने गया था।20 मिनट पश्चात जब वो दर्शन करके बहार आया तो उसे अपनी मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर नहीं मिली। आसपास ढूंढने के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस जांच में जुट गई है।

## ग्रामीण बैंक ने किया चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सारंगपुर द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में संस्था के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था की छात्राओं ने चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में कुमारी चेतना लववंशी, कुमारी पूर्वा जोशी, कुमारी जय पुष्पद, अनघ जोशी एवं कुमारी दिव्या शर्मा का चयन हुआ। सभी विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निर्णायक मंडल द्वारा सराहा गया। चयनित प्रतिभागियों को मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक कल्पित खंडेलवाल द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बैंक स्टाफ सदस्य सुदामा कुंभकार, केशव प्रजापति, शिवानी मीणा, सतीश पुष्पद सहित संस्था के वरिष्ठ शिक्षक आनंद जोशी उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से संस्था के प्रबंधक रमेशचंद्र जोशी, संस्था प्राचार्या सुमन जोशी, डॉ. दिव्या जोशी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं कला के प्रति रुचि को प्रोत्साहन मिला।

## भागवत कथा शुरू नगर में शोभायात्रा निकाली



**जीरापुर।** नगर के कुशवाह मोहल्ला स्थित श्री राम मंदिर पर श्री मद् भागवत कथा की शुरुआत के पूर्व नगर में भागवत शोभायात्रा निकाली गई। भागवत कथा के आयोजक कुशवाह समाज जीरापुर द्वारा भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली जिसमें महिलाएं कलश धारण कर भगवान के भजनों का गुणगान करते चल रही थी।भागवत कथाकार पंडित कमल बिहारी नागर के मुखारविंद से प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11बजे तक संगीतमय कथा श्रवण करवाई जावेगी। 22 जनवरी 26 को विश्राम होगा। नगर में श्रद्धालु भक्तों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया तथा साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

## हिंदू युवा वाहिनी की विभाग स्तरीय बैठक आयोजित, गो रक्षा समिति का भी गठन किया



**कुरावर।** हिंदू युवा वाहिनी की विभाग स्तरीय बैठक कुरावर नगर मार्केट सोसायटी प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में विभाग प्रभारी रामबाबू मीणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे भारतवर्ष में महा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सभी कार्यकर्ताओं को राजगढ़ जिले और सीहोर जिले के सभी विभाग और जिला के पद अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बढ-चढकर भाग लेने का आह्वान किया गया।

बैठक में हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं को सनातनी हिंदू धर्म के कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने अपने क्षेत्र में हिंदू युवा वाहिनी संगठन की इकाइयों के माध्यम से समाज को संगठित करने का आह्वान किया गया। बैठक में गो रक्षा समिति का भी गठन किया गया, जिसका उद्देश्य गौ माता की रक्षा करना है। बैठक में जिला संयोजक राजेंद्र सिंह ऊमठ, जिला महामंत्री राजेश गुप्ता, जिला संगठन मंत्री हेमंत सिंह मीणा सहित पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में ग्राम पीलू खेड़ी, मोइली कला, बिलहरी, कोठरी कला के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन नंद किशोर जायसवाल ने किया और सभी कार्यकर्ताओं का आभार जिला उपाध्यक्ष सुनील साहू ने किया।

## झोलाछाप डॉक्टर कर रहे मरीजों की जान से खिलवाड़



**माचलपुर।** नगर के समीपवर्ती गांव पिपल्या कुल्मी वा उसके आसपास के गांव वासी अपनी स्वास्थ सेवाओं के लिए पिपल्या कुल्मी के स्वास्थ केंद्र पर निर्भर रहते पर यहां के स्वास्थ केंद्र में समय से डाक्टर ना मिल पाने से वह गांव के झोला छाप डाक्टर पर भरोसा कर उनसे ईलाज करवाते हैं। इन डाक्टर के पास ना तो कोई वेध डिग्री ना कोई डिप्लोमा है पर फिर यह बेखौफ होकर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर पैसा कमाते रहते हैं। अब देखना है इन डाक्टर महोदय पर जिम्मेदार क्या कार्यवाही करते हैं। इस बारे पिपल्या में डाक्टरी कर लोगो का ईलाज कर रहे सुरेश शर्मा से जब उनकी डिग्री के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा की एलोपैथी होम्योपैथी और आयुर्वेद तीनो से ईलाज करता हु जब इस बारे में ब्लाक चिकित्सा अधिकारी से बात की तो उनका गैर जिम्मेदाराना बयान सामने आया अब देखना है की क्या इस तरह के झोला छाप लोगो की जान से खिलवाड़ करते रहेंगे या कुछ कार्यवाही होगी।

### इनका क्या कहना है

पता नहीं उनके पास कौन सी डिग्री है। कभी उधर जाएंगे तो देखेंगे।

सुनील चौरसिया, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी जीरापुर

## शिक्षक हुए सम्मानित नगर का गौरव बढ़ा



**खुजनेर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालय में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए धार के खेल प्राधिकरण में जनजाति कार्य विभाग एवं सक्षम द्वारा आयोजित कार्यशाला में रवि यादव को महिला एवं बाल विकास केंद्रीय राज्य मंत्री (भारत सरकार) सावित्री ठाकुर सहायक संचालक आनंद पाठक जनजातीय कार्य विभाग भोपाल( म. प्र.शासन), सहायक आयुक्त नरोत्तम वरकडे जनजाति कार्य विभाग धार के द्वारा सम्मानित किया गया केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने सम्मानित शिक्षको को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही शिक्षक के द्वारा जनजाति क्षेत्र के विद्यालय में नवाचार एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए आगे भी इस ही तरह उत्कृष्ट कार्य करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक पहल हमेशा जारी रखने को कहा रवि यादव धार जिले के ब्लॉक धरमपुरी के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय उमरिया में पदस्थ है सम्मानित होने पर परिवार एवं मित्रों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# यात्रा में सम्मिलित होने घर घर दिया जा रहा न्योता

## 84 हनुमान दर्शन व मां जालपा पर्वत परिक्रमा यात्रा



**राजगढ़।** सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में आगामी दिनों में राजगढ़ नगर एवं आसपास क्षेत्र स्थित 84 हनुमान मंदिरों एवं देवीय शक्तिपीठ मां जालपा पर्वत परिक्रमा का आयोजन किया जाना वाला है। क्षेत्र में पहली बार आयोजित हो रही अपनी तरह की इस यात्रा में सम्मिलित होने आयोजकों द्वारा नगर के प्रत्येक घर में आमंत्रण-पत्र वितरित करते हुए न्यौता दिया जा रहा है।

यात्रा संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि 24 से 29 जनवरी तक नगर स्थित विभिन्न 84 हनुमान मंदिरों की यात्रा श्रृद्धालुओं द्वारा की जाएगी। इसके साथ ही अंतिम दिवस 30 जनवरी को मां जालपा पहाड़ी की परिक्रमा का कार्यक्रम रखा गया है। प्रथम दिवस गणेशजी की छत्री स्थित हनुमान मंदिर से यात्रा आरंभ होगी। इस तरह प्रतिदिन 12 से 13 हनुमान मंदिरों की यात्रा करते हुए कुल 84 हनुमान मंदिरों के दर्शन किए जाएंगे। इस यात्रा के लिए नगर के सेवाभावी युवकों, समाजसेवियों सहित अन्य द्वारा बीते कई दिनों से व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

## भागवत कथा शोभायात्रा निकाली



**जीरापुर।** श्री बागवाला हनुमान मंडल एवं महिला मंडल के तत्वाधान में श्री मद् भागवत कथा का आयोजन बागवाले हनुमान मंदिर गोपचौहानजी परिसर में शुरू हुआ। भागवत कथा की शोभायात्रा नगर के त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर रामलीला चोक से धूम-धाम से शुरू हुई जिसमें महिलाएं मंगल कलश धारण कर चल रही थी वहीं राम कृष्ण की झांकियां सजाई गई जो शोभायात्रा के साथ चल रही थी। महिलाएं एवं युवा वर्ग ईश्वर के भजनों में झुमते नृत्य करते चल रहे थे। नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। प्रतिदिन भागवत कथा दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक पं. सोनू शर्मा कुरावर के मुखारविंद से श्रवण करवाई जावेगी जिसमें प्रथम दिवस पं. सोनू शर्मा ने भागवत कथा के श्रवण करने से मनुष्य को कष्टों से छुटकारा मिलता है भागवत कथा कि महिमा प्रतिपादित कर शुरुआत के प्रसंगों का विस्तार से चित्रण किया। जहां पर बडी संख्या में महिला पुरुष युवा शामिल हुए।

## भारतीय किसान संघ तिसई ने भारत माता पूजन का आयोजन किया



**सारंगपुर।** भारतीय किसान संघ ग्राम समिति तिसई द्वारा प्रति वर्ष की परंपरा के अनुसार भारत माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को ग्राम तिसई में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया तथा राष्ट्रभक्ति के जयघोष लगाए गए।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम समिति की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें संगठन की गतिविधियों, किसानों की समस्याओं तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ कृषक किसानों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ तहसील मंत्री बद्रीलाल पाल, देव सिंह पाल, पहलाद सिंह, सरपंच रमेश चंद्र भिलाला, राधेश्याम पाल, कनवर लाल यादव, दीपक पाल, धारा सिंह पाल,धीरज सिंह, जितेंद्र सिंह पाल एवं भंवरलाल पाल सहित बडी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय किसान संघ सदैव किसानों के हितों की रक्षा के लिए कार्य करता आया है और आगे भी संगठन किसानों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाएगा। अंत में सभी उपस्थितजनों ने भारत माता की जय के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## संघ के शताब्दी वर्ष पर सारंगपुर में हिंदू सम्मेलन, तैयारियां अंतिम चरण में



**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 22 जनवरी को सारंगपुर नगर में कृषि उपज मंडी परिसर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है तथा तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

इस हिन्दू सम्मेलन को महामंडलेश्वर मां अन्नपूर्णा पूरी महाराज (वर्षा दीदी), श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। उनके प्रवचनों के माध्यम से सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण के विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। सम्मेलन के पश्चात समरसता भोज का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के सभी वर्ग एक साथ बैठकर सहभागिता करेंगे। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ जुटे हुए हैं। नगर के प्रत्येक वार्ड एवं मोहल्ले में घर-घर जाकर पीले चावल देकर नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बन सकें। वहीं पूरे नगर को भगवा पताकाओं, बैनर एवं पोस्टरों से सजाया जा रहा है, जिससे नगर का वातावरण पूर्णतः धार्मिक एवं उत्सवमय बन गया है। नगर के व्यापारियों एवं नागरिकों में भी सम्मेलन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। नागरिकों द्वारा आह्वान किया गया है कि सम्मेलन के दिन पूरा नगर बंद रहेगा, तथा सभी प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रखकर हिन्दू सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। आयोजकों का कहना है कि यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिन्दू समाज की एकता, समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक होगा। सारंगपुर नगर में होने वाला यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को दिए तल्ख निर्देश

# राजस्व मामलों की पेंडेंसी पर सख्त नजर आए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा शनिवार को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों में पेंडेंसी नजर आने पर उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को तल्ख निर्देश प्रदान किए। उन्होंने रिकॉर्ड दुरुस्ती को गंभीरता से लेने तथा जारी किए जाने वाले सभी आदेशों में पूर्ण स्पष्टता रखने के निर्देश दिए।

नामांतरण प्रकरणों में कुछ तहसीलदारों के निम्न प्रदर्शन पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 80 प्रतिशत से कम डिस्पोजल स्वीकार्य नहीं होगा। भूमि आवंटन के मामलों में भूमि आवंटित होते ही संबंधित हितग्राहियों को तत्काल एवं स्पष्ट सूचना देने की बात उन्होंनक कही। वसूली प्रकरणों की समीक्षा के दौरान प्रभावी प्लानिंग के साथ वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। खनन क्षेत्रों की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि यदि स्वीकृत लीज क्षेत्र से अधिक खुदाई की गई है, तो उसे अतिक्रमण मानते हुए संबंधित से अतिक्रमण शुल्क की वसूली की जाए। सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि नगरीय निकायों में संचालित खातों की जानकारी संकलित कर लाइन लिस्टिंग के माध्यम से भेजें। एसडीएम ब्यावरा को वसूली की ठोस योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### हल्कावार मॉनिटरिंग करने दिए निर्देश

किसान रजिस्ट्री में खराब प्रदर्शन पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने असंतोष व्यक्त करते हुए हल्कावार नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। स्वामित्व योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित मामलों में शीघ्र केस बनाकर प्रस्तुत किए जाएं। साथ ही कितने मामलों का प्रथम प्रकाशन हो चुका है, इसकी स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में अधिकार अभिलेखों की समीक्षा के दौरान त्रुटिरहित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।